तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 28.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 13 जुलाई 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

10 जनहित और संगठन विस्तार पर डा.महंत ...



10 विधायक ने विभिन्न वार्डों में नवीन ...



# बिजली बिल चुकाने में देरी पर एकमुश्त नहीं, प्रतिदिन के हिसाब से लगेगा सरचार्ज

## जितने दिन की देरी उतना ही सरचार्ज, असुविधा से मिलेगा छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

बिजली बिल देरी से जमा करने वालों को अब एकमुश्त सरचार्ज की बजाया प्रतिदिन के हिसाब से सरचार्ज देना होगा। छग राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा यह नई व्यवस्था लागू किए जाने से देर से बिजली बिल चुकाने वालों को अधिक सरचार्ज जमा करने की असुविधा से निजात मिलेगी। पूर्व में उपभोक्ताओं को बिल अदा करने में एक दिन भी देरी होने पर माह भर का 1.5 प्रतिशत चुकाना पड़ता था।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उपभोक्ताओं की समस्याओं और शिकायतों को देखते हुए विद्युत नियामक आयोग ने लागू नए टैरिफ में विलंब सरचार्ज की व्यवस्था में बदलाव करते हुए राहत प्रदान की है। पुरानी व्यवस्था में यदि कोई उपभोक्ता नियत तिथि के बाद महज एक या दो दिन की देरी से भी बिजली बिल का भुगतान करता था, तो उससे पूरे महीने का 1.5 प्रतिशत सरचार्ज वसूल लिया जाता था। यह व्यवस्था उपभोक्ताओं के लिए नुकसानदेह थी। आयोग ने प्रतिदिन का सरचार्ज 0.04 प्रतिशत निर्धारित किया है। संशोधित नियमों के बाद अब लेट फीस की गणना 0.04 प्रतिशत प्रतिदिन की दर से की जाएगी अर्थात उपभोक्ता जितने दिन बिल अदा करने में देरी करेगा, उसे केवल उतने ही दिनों का शुल्क देना होगा। यदि किसी कारणवश उपभोक्ता बिल के भुगतान में केवल एक दिन का विलंब करता है, तो अब पूरे महीने का सरचार्ज नहीं, बल्कि मात्र 0.04 प्रतिशत अधिभार ही देय होगा। विलंब सरचार्ज की नई व्यवस्था 1 जुलाई से लागू हो चुकी है। प्रतिदिन के अधिभार राशि में भी 0.01 प्रतिशत की कमी लागू की गई है।



### महीने भर की देरी पर अब लगेगा कम अधिभार

यदि कोई उपभोक्ता पूरे 30 दिन का भी विलंब करता है, तब भी कुल अधिभार केवल 1.2 प्रतिशत (0.04 प्रतिशत x30 दिन) ही बनेगा, जो कि पुरानी व्यवस्था के 1.5 प्रतिशत से काफी कम है। उपभोक्ताओं की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए नियामक आयोग ने सरचार्ज व्यवस्था में बदलाव किया है।

## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार लेकर लोगों को भयभीत करने वाले पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम बानीपाली में लोगों को धारदार हथियार कत्तल लेकर भयभीत करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सूचना मिलने पर आरोपी विष्णु चरण सारथी पिता कलिंदर सारथी (31 साल) निवासी बानीपाली के कब्जे से धारदार हथियार कत्ता बरामद किया और आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम किया गया।

### बोकरामुड़ाखुर्द में हुई पालक-शिक्षक बैठक



**महासमुंद।** जिले के बागबाहरा विकासखंड के ग्राम ग्राम पंचायत बोकरामुड़ाखुर्द में सरपंच गौतम मांझी की अध्यक्षता में पालक-शिक्षक बैठक हुई। सरपंच गौतम मांझी ने शिक्षा गुणवत्ता सुधार एवं समस्या समाधान कैसे हो, पालक बालक शिक्षक के दायित्व पर प्रकाश डाला गया। शिक्षा समिति अध्यक्ष हाईस्कूल ईश्वर चंद्राकर कंडीझर, ब्रम्हदेव मांझी बोकरामुड़ा खुर्द अध्यक्ष, उमाराम सबर अध्यक्ष कंडीझर, भोजराम मांझी मड़ियापारा सहित अन्य गणमान्य नागरिक, पालकों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक खेमराज चंद्राकर ने किया। बैठक में शिक्षक लोचन साहू, मोहित चंद्राकर, उपेंद्र कुमार ध्रुव, लोचन साहू, मोहित चंद्राकर, पंचगण उर्मिला, गुरवारीन बाई, बालिका बाई, शकुंतला बाई, पालकगण तुलाराम, नर्सिंग ध्रुव, धुबलेश्वर मांझी, निरंजन मांझी, सहदेव मांझी, रूसी नायक, वसुंधरा नेताम, रूखो बाई, धनमति बाई, रूपेबाई, तुलने बाई, टेसकुमारी, ब्रम्हा मांझी, परमेश्वर मांझी, चैतन, सियाराम, दिलीप सिंह, लालसिंह, जानकी, केसरी, कमला आदि मौजूद रहे।

**कार्रवाई: भिलाईदादर में मुखबिर की सूचना पर कोमाखान पुलिस ने की धरपकड़ की कार्रवाई**

# झोपड़ी में चल रही थी शराब की अवैध फैक्ट्री, छापामार कार्रवाई में 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

खेत की मेढ़ पर बने कच्चे मकान में

- शराब का अवैध निर्माण और पैकेजिंग का कारोबार

शराब के अवैध निर्माण और पैकेजिंग का कारोबार चल रहा था। जिले के कोमाखान थाना क्षेत्र में पुलिस ने इस अवैध यूनिट और कारोबार का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से अंग्रेजी और देशी शराब, 280 लीटर स्पिरिट, शराब पैकिंग मशीन, बड़ी मात्रा में पैकिंग सामग्री, एक कार, एक स्कूटी और मोबाइल फोन सहित कुल 7 लाख 40 हजार 500 रुपये का सामान जब्त हुआ।

पुलिस से मिली जानकारी के असार 11 जुलाई की रात मुखबिर से सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक महेश साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम भिलाईदादर में नरेश मल्होत्रा के खेत की मेड़ पर बने कच्चे मकान में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मौके से अवैध शराब निर्माण और पैकिंग का पूरा सेटअप संचालित मिला। पुलिस के इस छापे में मैकडॉवेल नंबर-1 व्हिस्की, गोवा व्हिस्की, हंटर स्ट्रांग बीयर, शोले देशी प्लेन मदिरा, जेब्रा छाप महुआ शराब के सैकड़ों पौवा एवं पाउच, 280 लीटर स्पिरिट, शराब भरने और पैकिंग की मशीनें, हजारों की संख्या में खाली बोतलें, पाउच, स्टीकर, ढक्कन, बारकोड, शराब मापक यंत्र तथा अन्य सामग्री बरामद की गई। पुलिस ने मौके से एक ईको कार, एक एक्टिवा स्कूटी तथा आरोपियों के मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 7,40,500 रुपये आंकी गई है।

### यह आरोपी हुए गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में लोकनाथ कुमार नोनिया उर्फ लकी पिता रामबली चौहान (46 वर्ष) निवासी ग्राम आजन थाना मदनपुर जिला औरंगाबाद बिहार, उपेंद्र कुमार सिंह पिता संत सोहन सिंह (47 वर्ष) निवासी ग्राम आजन थाना मदनपुर जिला औरंगाबाद बिहार, रणजीत सिंह पिता रामाधार (40 वर्ष) ग्राम हरिहर गंज थाना हरिहर गंज जिला पलामू झारखंड, नथुनी प्रजापति पिता रामराज प्रजापति (45 वर्ष) निवासी ग्राम धौडांड़ थाना दरिगांव जिला रोहतास बिहार, आशीष जांगड़े पिता मदन जांगड़े (25 वर्ष) निवासी बिजलीडीह थाना खरोरा जिला रायपुर छत्तीसगढ़, रोहित साहू पिता जीवराखन साहू (46 वर्ष) निवासी खैरटखुर्द थाना कोमाखान जिला महासमुंद शामिल हैं। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 35, 49(ख)(ग) तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 274, 275 और 347 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### होगी कार्रवाई

एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय ने मामले को लेकर बताया कि मामले में यह भी जांच की जा रही है कि अवैध शराब का निर्माण और आपूर्ति किन-किन क्षेत्रों में की जा रही थी तथा इस नेटवर्क से और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद सभी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

### टीईटी मुद्दे पर हुआ सांसद-शिक्षक संवाद का आयोजन

महासमुंद। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला महासमुंद द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) मुद्दे को लेकर सांसद-शिक्षक संवाद का आयोजन किया। सांसद रुपकुमारी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) मुद्दे पर पहले जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सिराज बक्श सहित सभी पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी। वहीं सांसद रूपकुमारी चौधरी द्वारा 20 जुलाई को प्रारंभ सत्र में अवसर प्राप्त होने पर इस विषय को प्रभावी रूप में रखने हेतु आश्वस्त किया गया। इस सांसद-शिक्षक संवाद कार्यक्रम में जिला महासमुंद सहित धमतरी और गरियाबंद के सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।



# सोसायटी में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

पिथौरा क्षेत्र के ग्राम डिघेपुर धान उपार्जन केंद्र में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पिथौरा पुलिस ने बताया कि 11 जुलाई को प्रार्थी लोचन पटेल पिता सुखदेव (46 साल) ठाकुरदियाखुर्द ने रिपोर्ट लिखाई कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बरेकेल प.क्र. 1111 उपार्जन केंद्र डिघेपुर सोसायटी का ताला तोडकर कमरे में रखे सामान इलेक्ट्रानिक तौल कांटा 04 नग, 10 एमएम इलेक्ट्रानिक तार (बंडल), कैमरा केबल 5 नग (बंडल), सीसी कैमरा 2 नग, 20 किलो के बाट 14 नग, 3 फेस इलेक्ट्रानिक केबल तार 1 नग (बंडल), धान कटोरा स्टील 2 नग कुल अनुमानित कीमत 78,250 रुपए की हो गई है तथा चोरी का संदेह पिथौरा निवासी मोहित नागर व शोभु देवार पर किया गया। जिन्हें अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एचपी 5860 मे चोरी के सामान को लोड कर ले जाते देखे जाने के संदेह पर थाना पिथौरा में धारा 331(3), 305(ए), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल एवं संदेही आरोपियों की पता-तलाश प्रारंभ की गयी, क्षेत्र में मुखबिर लगाए गए। तभी संदेही आरोपियों मोहित नागर पिता इमान नागर (19 साल निवासी सुभाष नगर महासमुंद थाना महासमुंद व शोभु देवार पिता बलराम देवार (19 साल) निवासी रानीसागरपारा पिथौरा थाना पिथौरा के बारे मे पता चलने पर उनके ठिकाने पर दबिश देकर घेराबंदी कर दोनो आरोपियों से पूछताछ की गई, जिस पर उन्होंने जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए सामान किए गए।

# धोखाधड़ी के मामले में करीब 6 माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिले की पुलिस ने 22 लाख रुपए से ज्यादा के गबन मामले में छह माह से फरार एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में तीन आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

सरायपाली पुलिस ने बताया कि 22.12.2025 को आवेदक हेमेंद्र राजाराम जगबंधु पिता राजा राम जगबंधु (52 साल) भारत फायनेंशियल लिमिटेड सरायपाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि भारत फायनेंशियल लिमिटेड कंपनी में विभिन्न पदों पर कार्यरत 04 कर्मचारियों ने मिलीभगत कर कुल हितग्राहियों का जमा राशि 22,66,645 रुपए को कंपनी में जमा न कर गबन किया गया है। सूचना पर थाना सरायपाली में अपराध क्रमांक 341/25 धारा 316(5),3(5) बीएनएस दर्ज कर मामला जांच में लिया गया। गबन के मामले मे अपराध दर्ज होने की जानकारी आरोपियों को पता चलते ही सभी आरोपी फरार हो गये थे।

इस मामले में संलिप्त आरोपी शुभम पाणीग्राही पिता देवेंद्र (30 वर्ष) सिंघोड़ा को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था, परंतु 03 अन्य आरोपी शातिराना तरीके से अपनी पहचान छुपाकर फरार थे। पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ते हुए तकनीकी व डाटा विश्लेषण के आधार पर आरोपी रोहन प्रधान पिता नारायण प्रधान (24 वर्ष) झगरेनडीह थाना सांकरा एवं प्रमोद महंत पिता धरम महंत (34 वर्ष) पुसल्दा थाना चक्रधर नगर जिला रायगढ़ को 08.06.2026 को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया था।

### अंतिम आरोपी भी गिरफ्तार

वहीं इस प्रकार प्रकरण का अंतिम आरोपी दीपक कुमार चौहान पिता शंकरलाल चौहान फरार था, जिसकी पुलिस लगातार तलाश करते हुए तकनीकी पहलुओं पर निगरानी रख रही थी, इसी बीच जांचकर्ता पुलिस अधिकारी को फरार आरोपी से जुड़े एक संदिग्ध नंबर की जानकारी प्राप्त हुई, जिसका उपयोग फरार आरोपी दीपक कुमार चौहान के द्वारा किया जाना पाया गया। पुलिस टीम का गठन कर मोबाइल लोकेशन के आधार पर रायगढ़ में घेराबंदी कर आरोपी दीपक कुमार चौहान पिता शंकरलाल चौहान (24 वर्ष) गोबरसिंहा थाना बरमकेला जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ को पकड़ा गया जिसे गिरफ्तार करने पश्चात जेल भेजा गया है।

### महुआ शराब और लाहन जब्त

**महासमुंद।** आबकारी विभाग ने सुखीपाली थाना पिथौरा एक व्यक्ति को अवैध महुआ शराब व लाहन के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 11 जुलाई सुखीपाली में हरी सिंह पिता जयलाल के पास 210 बल्क लीटर महुआ शराब कीमत 42,000 एवं 150 किग्रा महुआ लाहान कीमत 7,500 कुल मूल्य 49,500 को जब्त किया है। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा – 34(1)(क)(च), 34(2) एवं 59(क) के तहत कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग ने जिले में इस सत्र में अब तक 32 प्रकरण गैर जमानतीय आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) में दर्ज, जब्ती मात्रा 1294.66 लीटर शराब बरामद, 25 व्यक्ति गिरफ्तार, 8 वाहन जब्त किया है। वाहनों की कीमत 7.5 लाख, शराब की कीमत 3.23 लाख कुल 10.73 लाख रुपए जब्त किया है। ओडिशा प्रांत की मदिरा के 12 प्रकरण गैर जमानती धारा 34(2) में दर्ज, 11 व्यक्ति को गिरफ्तार गिया है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर हुई कार्रवाई, पांच लाख से ज्यादा समन शुल्क जारी

**महासमुंद।** ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवर स्पीड, नो पार्किंग एवं यातायात नियमों के पालन सुनिश्चित कराने हेतु विशेष अभियान चला कर कार्रवाई की जा रही है। जारी की गई जानकारी के अनुसार विगत एक सप्ताह के दौरान महासमुंद शहरी क्षेत्र में दोपहिया वाहन में बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 1028 चालकों के विरुद्ध ई-चालान की कार्रवाई कर 5,14,000 समन शुल्क जारी किया गया। यातायात पुलिस द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले वाहन चालकों पर नियमानुसार ई-चालान की कार्रवाई की जा रही है। प्रतिदिन ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में फिक्स चेकिंग पॉइंट स्थापित कर दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों की जांच की जा रही है। वाहन चालकों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व के बारे में जानकारी देकर यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

विगत एक सप्ताह के दौरान महासमुंद शहरी क्षेत्र में दोपहिया वाहन में बिना हेलमेट धारण कर वाहन चलाने वाले 1028 चालकों के विरुद्ध ई-चालान की कार्रवाई कर 514000 समन शुल्क, ओवरस्पीड चलने वाले 19 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 20,500 समन शुल्क, बिना सीटबेल्ट के वाहन चलाने वाले 07 वाहनों का विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 3500 एवं अवैधानिक रूप से खड़ी 46 वाहनों पर नो पार्किंग की कार्रवाई कर 13800 समन शुल्क, वाहन चलाते समय मोबाईल से बात करने पर कुल 10 वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई कर 3300 समन शुल्क, प्रेशर हार्न का उपयोग करने वाले 01 वाहनों के विरुद्ध 2000 समन शुल्क, मौके पर वाहन संबंधित दस्तावेज एवं अन्य कारणों से कुल 40 वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई कर 12000 समन शुल्क जारी किया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 01 प्रकरण को न्यायालय पेश किया गया, जिस पर न्यायालय द्वारा 10,000 अर्थदंड से दंडित किया गया। साथ ही जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनों को ध्यान में रखते हुए जिला मुख्यालय को छोड़कर जिले के अन्य अनुभाग में जाकर यातायात पुलिस के द्वारा सरायपाली-बसना में 10.07.2026 को कुल 52 वाहनों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं का उल्लंघन करते पाये जाने पर 24500 समन शुल्क जारी करने की कार्रवाई की गई।

# कॉलेज में 2034 सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी

## शनिवार को कॉलेजों ने कैटेगरी के अनुसार दूसरे चरण की जारी कर दी सूची

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद




पीजी कॉलेज की विभिन्न फैकल्टियों के स्नातक और स्नातकोत्तर में 2034 सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। साथ ही यही प्रक्रिया जिले के अन्य पं रविशंकर शुक्ल विवि से संबद्ध कॉलेजों में सीटों की संख्यानुसार जारी है। शनिवार को कॉलेजों ने कैटेगरी के अनुसार दूसरे चरण की सूची जारी कर दी।

प्रथम चरण में ज्यादातर सीटें खाली रह गई। चयनित छात्रों ने प्रवेश नहीं लिया और प्रतिक्षारत छात्रों को प्रवेश का इंतजार था। द्वितीय चरण का प्रवेश 11 जुलाई से 16 जुलाई तक चलेगी। तीसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया 17 जुलाई से प्रारंभ होगी, जो 24 जुलाई तक चलेगी। 25 जुलाई को कॉलेजों में ओपन प्रवेश होगा। जिसमें किसी भी कैटेगरी के छात्र रिक्त सीट पर प्रवेश ले सकेंगे। यह प्रवेश प्राचार्य द्वारा अपने स्तर पर किया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग ने इस वर्ष समय पर प्रवेश प्रक्रिया और समय पर पढ़ाई शुरू करने के निर्देश जारी किए हैं। इस कारण इस वर्ष छात्रों 31 जुलाई के बाद समस्या आ सकती है। वल्लभाचार्य कॉलेज की प्राचार्य करूण दुबे ने बताया कि दूसरी चरण की सूची कैटेगरी के अनुसार जारी कर दिया है। चयनित छात्र प्रवेश ले सकते हैं।

### नई शिक्षा नीति की दी जाएगी जानकारी

जो छात्र प्रथम चरण में प्रवेश कर चुके हैं, उनकी कक्षाएं शीघ्र प्रारंभ होगी। कॉलेज आने वाले छात्रों को नई शिक्षा नीति के बारे में अवगत कराया जाएगा। इसके अलावा विषय और कोर्स से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके बाद नए सत्र की पढ़ाई शीघ्र शुरू किया जाएगा। प्रथम चरण में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अन्य कोर्स की कक्षाएं प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश की प्रक्रिया लंबी चलने से प्रतिवर्ष सत्र शुरू होने में देरी हो जाती है, जिससे छात्रों को प्रथम सेमेस्टर में अध्ययन के लिए कम समय मिलता है। अगस्त महीने के बाद त्योहारी अवकाश शुरू हो जाते हैं, जिससे सिलेबस पूरा नहीं हो पता है। छात्रों को तैयारी के लिए समय नहीं मिल पाता है।

### कॉलेज में बढ़ने लगी है चहल-पहल

कॉलेज में इन दिनों चहल-पहल बढ़ गई है। ज्यादातर छात्र बाहरी कॉलेजों को प्राथमिकता दे रहे हैं। साथ ही अन्य जिलों में भी आवेदन किए हुए हैं। जिसके चलते जिला मुख्यालय के शासकीय कॉलेज में प्रवेश कम हुआ। पारंपरिक कोर्स में छात्रों की रुचि बनी हुई है। वल्लभाचार्य कॉलेज में ही 2040 सीटों के लिए चार हजार से अधिक आवेदन आए है। छात्र प्रवेश के लिए कॉलेज पहुंच रहे हैं।

अग्रसेन
प्रा. आई.टी. आई
BHILAI | DHANORA
ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
FITTER 2 Year (10th Pass)
C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
छत्तीसगढ़ राज्य की बालिकाओं एवं महिलाओं को COPA ट्रेड में निशुल्क प्रशिक्षण
Affiliated By: N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत / भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्रा - छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25% की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड़ कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### मूणत ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने शहीद भगत सिंह वार्ड में शनिवार को विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। टाटीबंध के यदुवंशी चौक स्थित गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सभापति सूर्यकांत राठौर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान टाटीबंध रायपुर में निर्मित सामुदायिक भवन तथा टाटीबंध यदुवंशी चौक स्थित अपूर्ण रंगमंच के पूर्णता कार्य का लोकार्पण किया गया। वहीं वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में नाली निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, विद्यालय में बाउंड्रीवाल, शौचालय एवं सहित अनेक जनोपयोगी विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ।

### नगरीय प्रशासन विभाग में 122 अधिकारियों कर्मचारियों के तबादले

**रायपुर।** राज्य शासन ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के 122 अधिकारियों-कर्मचारियों की नवीन पदस्थापना की है। इनमें 66 अभियंता और 56 विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मचारी हैं। स्थानांतरित अधिकारियों-कर्मचारियों में कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता, प्रोग्रामर, राजस्व निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक से लेकर सहायक कार्यालय अधीक्षक, तकनीकी सहायक, लेखापाल, सहायक ग्रेड-2, सहायक ग्रेड-3, डॉटा एंट्री ऑपरेटर, कंप्यूटर ऑपरेटर, सहायक राजस्व निरीक्षक, समयपाल, कैशियर, वाहन चालक, चौकीदार, पंप अटेंडेंट और भृत्य शामिल हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने स्थानांतरित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को नवीन पदस्थापना स्थल पर 7 दिनों के भीतर कार्यभार ग्रहण कर विभाग को सूचित करने के निर्देश दिए हैं।

### नौकरी का फर्जी नियुक्ति पत्र देकर ठगी, गिरफ्तार



**रायपुर।** खुद को प्रभावशाली बताकर शासकीय विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने के साथ फर्जी नियुक्ति पत्र देने वाले को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिस व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वो पुलिस का बर्खास्त सिपाही है। उसके खिलाफ पूर्व में आधा दर्जन से ज्यादा ठगी के अपराध दर्ज हैं। ठगी के आरोप में पेंशनबाड़ा निवासी मोहम्मद इमरान कादरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसने कई लोगों को महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में नियुक्त कराने का विश्वास दिलाते हुए फर्जी चयन सूची एवं फर्जी नियुक्ति पत्र देकर ठगी की थी। इमरान के खिलाफ पूर्व से जुआ एवं विभिन्न प्रकार की ठगी से संबंधित आठ प्रकरण सिविल लाइन, तेलीबांधा, सिमगा सहित अन्य थाना क्षेत्रों में दर्ज हैं।

# खरीफ बोनी ने पकड़ी रफ्तार, फिर भी कई जिलों में लक्ष्य से पीछे खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों की अच्छी बारिश के बाद खरीफ फसलों की बोनी में तेजी आई है। हालांकि मानसून की शुरुआती सुस्ती का असर अब भी कई जिलों में दिखाई दे रहा है और धान की रोपाई व अन्य खरीफ फसलों की बुवाई लक्ष्य से पीछे चल रही है। राज्य में सर्वाधिक बोनी धान की हो रही है, जबकि मक्का, दलहन और तिलहन की बुवाई भी तेज हुई है। कृषि विभाग का मानना है कि अगले एक सप्ताह तक अच्छी बारिश जारी रही, तो बोनी का रकबा तेजी से बढ़ेगा और अधिकतर जिले लक्ष्य के करीब पहुंच जाएंगे। मानसून की देर और शुरुआती बारिश की कमी के कारण सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर, जशपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कबीरधाम, बेमेतरा, राजनांदगांव तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जैसे जिलों में बोनी अपेक्षाकृत पिछड़ी हुई है। इन क्षेत्रों में किसान पर्याप्त वर्षा का इंतजार कर रहे हैं। मौसम में सुधार के बाद राज्य का वर्षा घटकर सामान्य श्रेणी के करीब पहुंच गया है, जिससे कृषि विभाग को उम्मीद है कि जुलाई के दूसरे पखवाड़े में बोनी का रकबा तेजी से बढ़ेगा और खरीफ सीजन की भरपाई हो सकेगी।

### अच्छी बारिश हुई तो अगले सप्ताह बढ़ेगा बोनी का रकबा



### अर्ली वेरायटी के किस्मों का चयन करें

कृषि विभाग द्वारा किसानों को कम एवं मध्यम अवधि में पकने वाली फसलों एवं किस्मों का चयन करने की सलाह दी गई है, ताकि वर्षा की अनिश्चितता का प्रभाव कम किया जा सके। धान की खेती में रोपा पद्धति के बजाय धान की सीधी बुवाई को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया है। इस तकनीक से 20 प्रतिशत पानी की बचत होती है, प्रति एकड़ लगभग 5,000 रुपये की लागत कम आती है तथा फसल 12 से 15 दिन पहले तैयार हो जाती है।

### बुवाई से बीज उपचार की सलाह

किसानों को बुवाई से पहले बीज उपचार अनिवार्य रूप से करने की सलाह दी गई है। यदि 15 जुलाई तक अंकुरण नहीं होता है, तो किसानों को पुनः बुवाई करते समय सामान्य बीज दर की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक बीज उपयोग करने की सलाह दी गई है। साथ ही जुलाई के अंत तक मूंग एवं उड़द की बुवाई तथा अगस्त में तिल, सूरजमुखी एवं मध्यम अवधि वाली अरहर की बुवाई करने का सुझाव दिया गया है।

**20 प्रतिशत से अधिक बोनी :** प्रदेश में मानसून की दस्तक के साथ ही खेती किसानी का कार्य तेजी के साथ शुरू हो गया है। राज्य में अब तक की स्थिति में लक्ष्य का 20 प्रतिशत से अधिक बोनी हो चुकी है। इस खरीफ सीजन में 48.69 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## बाघों के शिकार मामले में संदेहियों से लगातार पूछताछ जारी

# बाघों का शिकार रोकने आईटीआर से गढ़चिरौली तक बनेगा 106 किलोमीटर का सुरक्षा कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंद्रावती टाइगर रिजर्व बाघों के मूवमेंट का बड़ा कॉरिडोर है। 28 सौ वर्ग किलोमीटर में फैले इस टाइगर रिजर्व का 106 किलोमीटर का एरिया महाराष्ट्र से सटे गढ़चिरौली से लगा हुआ है। इंद्रावती में तीन बाघों के शिकार के बाद वन विभाग के अफसर सकते में हैं। टाइगर रिजर्व की सुरक्षा बढ़ाने वन विभाग के अफसरों ने नए सिरे से प्रयास तेज कर दिए हैं। अफसरों के अनुसार शिकार रोकने महाराष्ट्र के साथ छत्तीसगढ़ के वन अफसरों तथा कर्मियों की एक कोआर्डिनेशन टीम गठित कर इंद्रावती टाइगर रिजर्व से सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली तक सुरक्षा बढ़ाई जाएगी। साथ ही इस क्षेत्र में दोनों प्रदेश के वन कर्मियों की टीम गश्त करने के साथ ही एक दूसरे के साथ सूचनाओं का आदान प्रदान करेगी।

इंद्रावती टाइगर रिजर्व के कुल क्षेत्रफल में से 1,258.37 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्रफल कोर एरिया में शामिल है। कोर एरिया में महाराष्ट्र के वन्यजीव विचरण करते हुए इंद्रावती टाइगर रिजर्व में आते हैं। उनमें राज्य का राजकीय पशु वनभैंसा भी शामिल है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व में सभी प्रजातियों के वन्यजीवों विचरण करते हैं। इस कारण बाघ शिकार की तलाश में इंद्रावती में आते रहते हैं।

### आईटीआर में और मूवमेंट की मिल रही जानकारी, विभाग अलर्ट

### कंकाल मिला लेकिन खाल की अब तक तलाश जारी

*दो बाघ के खाल की जब्ती के साथ एक बाघ का कंकाल जब्त किया गया है। तीसरे बाघ के खाल की अब तक जब्ती नहीं हुई है। इसके लिए उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग टीम के साथ इंद्रावती टाइगर रिजर्व तथा पुलिस की संयुक्त टीम खाल की पतासाजी करने में जुटी हुई, लेकिन खाल का अब तक पता नहीं चल पाया है।*




### चार राज्यों के तस्करों की नजर आईटीआर में

*बस्तर संभाग चार राज्यों की सीमा से सटा हुआ है। बस्तर का एक बड़ा भू-भाग ओडिशा सीमा से सटा है। सुकमा और बीजापुर, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश तथा महाराष्ट्र सीमा से सटा हुआ है। यहां बाघों के शिकार के साथ तेंदुआ का शिकार करने इन चार राज्यों के तस्करों की नजरें रहती हैं। तस्कर निचले स्तर के वनकर्मी तथा लोकल ग्रामीणों की मदद से शिकार करने का काम करते हैं।*

### आधा दर्जन से ज्यादा बाघों की मौजूदगी की संभावना

आईटीआर के डिप्टी डायरेक्टर संदीप बलगा के अनुसार इंद्रावती टाइगर रिजर्व में बाघों के मूवमेंट की लगातार निगरानी की जाती रही है। ट्रैप कैमरा में बाघों के पूर्व में कई फोटो कैद किए गए हैं। वन अफसर ने इंद्रावती टाइगर रिजर्व में आधा दर्जन से ज्यादा बाघों की मौजूदगी की संभावना व्यक्त की है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में माओवादी क्षेत्र होने की वजह से इस क्षेत्र में बाघों की गणना के लिए ट्रैप कैमरा नहीं लगाए जाते थे। पिछले वर्ष 15 स्थानों पर ट्रैप कैमरा लगाए गए थे।

# सीएम साय बोले- रेल परियोजनाएं प्रदेश की विकास यात्रा को दे रही हैं नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- रेलवे के मानचित्र पर नई पहचान बना रहा छत्तीसगढ़, 24 गुना बढ़ा रेलवे बजट

छत्तीसगढ़ में रेलवे विकास अब केवल नई रेल लाइनों के निर्माण तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह प्रदेश की औद्योगिक प्रगति, ऊर्जा सुरक्षा, निवेश, रोजगार, व्यापार और क्षेत्रीय संतुलित विकास का सबसे सशक्त आधार बनकर उभरा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से पिछले ढाई वर्षों में रेलवे अधोसंरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। रिकॉर्ड बजटीय निवेश, नई रेल लाइनों का निर्माण, मल्टी-ट्रैकिंग, दोहरीकरण, आधुनिक स्टेशन, शत-प्रतिशत विद्युतीकरण तथा दूरस्थ आदिवासी अंचलों तक रेल संपर्क के विस्तार ने छत्तीसगढ़ को देश के रेलवे मानचित्र पर अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित कर दिया है। वर्तमान में प्रदेश में 51 हजार करोड़ से अधिक लागत की रेल परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है, जो राज्य के इतिहास का सबसे बड़ा रेलवे निवेश है और विकसित छत्तीसगढ़ की मजबूत आधारशिला बन रहा है। रेलवे क्षेत्र में हुआ रिकॉर्ड निवेश इस परिवर्तन का सबसे बड़ा प्रमाण है। वर्ष 2014 से पहले छत्तीसगढ़ को रेल परियोजनाओं के लिए औसतन लगभग 300 करोड़ का वार्षिक बजट प्राप्त होता था, जबकि वर्ष 2026-27 में यह बढ़कर 7,470 करोड़ तक पहुंच गया है। अर्थात एक दशक में रेलवे बजट में लगभग 24 गुना की ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। यह केवल बजट में बढ़ोतरी नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के प्रति केंद्र सरकार की विकास प्राथमिकताओं और राज्य की बढ़ती आर्थिक क्षमता का परिचायक है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने छत्तीसगढ़ में रेलवे विकास को अभूतपूर्व गति दी है। उन्होंने कहा कि रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव की पहल पर जिस तेजी से नई रेल परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है और उन पर कार्य प्रारंभ हुआ है, उसने प्रदेश के विकास की दिशा ही बदल दी है।

### बिना कार्यकारिणी के विदा हो रहे बैज : भाजपा

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल दीपक ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के कार्यकाल को लेकर कहा, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के कथित आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ कांग्रेस की कमान संभालने वाले दीपक बैज का तीन साल का कार्यकाल पूरी तरह विफल साबित हुआ है। गुटबाजी और अंतर्कलह के दलदल में धंसी कांग्रेस का यह हश्र होना ही था। श्री दीपक ने कहा, एक तथाकथित बड़ा आदिवासी चेहरा अपने पूरे कार्यकाल में 10 उपाध्यक्ष, 23 महामंत्री और 252 सदस्यों वाली अपनी एक अदद 'पूर्ण कार्यकारिणी' तक गठित नहीं कर पाया।

# अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण साव-बृजमोहन हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जिला अधिवक्ता संघ, रायपुर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का पद एवं गोपनीयता शपथ ग्रहण समारोह जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव थे। विशिष्ट अतिथियों में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महापौर मीनल चौबे, राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त न्यायाधीश गौतम चौरड़िया तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा उपस्थित रहे। समारोह में न्यायाधीश तथा सैकड़ों अधिवक्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दिनेश देवांगन, सचिव राकेश पुरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारती राठौर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पाटस्कर, कोषाध्यक्ष रानी लक्ष्मी साहू, सहसचिव गुणेश कुमार निर्मलकर, महिला सहसचिव नेहा राठौर, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव युगेश्वर कुमार साहू, ग्रंथालय सचिव महेंद्र कुमार देवांगन सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्य शामिल रहे।

### साव और बृजमोहन ने दी सहायता

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, अधिवक्ता केवल न्यायालयों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे संविधान, कानून और लोकतंत्र के वास्तविक प्रहरी हैं। उन्होंने जिला अधिवक्ता संघ के अधोसंरचनात्मक विकास एवं अधिवक्ताओं के हित में 50 लाख रुपये की सहायता की घोषणा की। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, अधिवक्ता न्याय व्यवस्था के मजबूत स्तंभ हैं और समाज का उन पर अटूट विश्वास है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता केवल अपने मुवक्किल का पक्ष नहीं रखते, बल्कि न्याय की स्थापना और कानून के शासन को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं।

# अकबर ने कहा- नकटी सहित छह गांवों की 1076 एकड़ जमीन बिल्डरों को सौंपने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर ने कहा, प्रदेश की भाजपा सरकार अब नकटी गांव के विवाद को सुलझाने के बजाय वहां की जमीनों को लेकर एक अन्य विवाद की तैयारी में है। शासकीय दस्तावेज स्पष्ट रूप से बताते हैं कि नकटी सहित सेरीखेड़ी, मंदिर हसौद, रमचंडी, बरौंदा और रीको की कुल 436.01 हेक्टेयर (करीब 1076 एकड़) भूमि को नगर विकास योजना के नाम पर निजी हाथों में सौंपने की तैयारी की जा रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि इस प्रस्तावित योजना में नकटी गांव की भी कुछ जमीनों को शामिल किया गया है। सरकार स्पष्ट करे कि इस योजना में वह विवादित जमीन तो शामिल नहीं है, जहां तोडफोड़ हुई है। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा जारी निविदा के दस्तावेज बताते हैं कि चयनित एजेंसी को सड़क, जलापूर्ति, सीवरेज, विद्युत जैसी आधारभूत संरचनाएं विकसित करने के बदले मिश्रित उपयोग (मिक्स यूज) भूमि के विकास और उसके विक्रय का अधिकार दिया जाएगा। इसका मतलब ये है कि उक्त जमीनों को सीधे न बेचकर डेवलपर के माध्यम से बेचा जा रहा है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई है। नकटी गांव की जमीन को लेकर विवाद बना हुआ है, प्रभावित परिवार न्याय की मांग कर रहे हैं और उनकी समस्याओं का समाधान अभी तक नहीं हुआ है। वर्तमान परिस्थितियों में ग्राम नकटी में तनावपूर्ण स्थिति है, इसलिए जब तक पीड़ित परिवारों को न्यायपूर्ण और सर्वसम्मत हक नहीं मिल जाता, तब तक सरकार की प्राथमिकता मान्य व्यवस्थापन ही होना चाहिए।

### बिल्डरों को जमीन सौंपने का आरोप झूठा : केदार



वन मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस नेता मो. अकबर द्वारा नकटी क्षेत्र की 1076 एकड़ भूमि को बिल्डरों को सौंपने की तैयारी संबंधी आरोपों को पूरी तरह मनगढ़ंत, झूठा और राजनीतिक साजिश बताया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के पास न तथ्य हैं, न प्रमाण, इसलिए जनता को भ्रमित करने के लिए झूठ का सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने अकबर को खुली चुनौती देते हुए कहा, यदि उनके आरोपों में जरा भी सच्चाई है, तो वे दस्तावेज और प्रमाण सार्वजनिक करें। साय सरकार किसी भी दुष्प्रचार या राजनीतिक दबाव में आने वाली नहीं है। सरकारी भूमि की रक्षा, कानून का निष्पक्ष पालन और गरीबों के हितों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और यह अभियान पूरी पारदर्शिता के साथ आगे भी जारी रहेगा।

# मंदिर हसौद में नए तहसील भवन का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद में तहसील दफ्तर के नए भवन का शनिवार को शुभारंभ हुआ। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने फीता काटकर इस नए तहसील दफ्तर भवन की शुरुआत की। इस दौरान सांसद ने कहा कि आधुनिक नया तहसील भवन के बनने से लोगों को पहले से अधिक सुविधाएं मिलेंगी। इससे कार्य में भी तेजी आएगी।

### 66.20 लाख की लागत से बना भवन

प्रशासनिक सेवाओं को आमजन के और अधिक निकट, सुलभ और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मंदिर हसौद क्षेत्र में नए तहसील दफ्तर का निर्माण किया गया है। नगर पंचायत समोदा में बने इस तहसील भवन का लोकार्पण 9 जुलाई 2026 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया था, जिसका शुभारंभ अब हुआ है। नवनिर्मित तहसील भवन में 13 कक्ष तथा 3 कोर्ट बनाए गए हैं। इसके अलावा नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ पेयजल सहित अन्य बुनियादी व्यवस्थाएं भी हैं। इस आधुनिक तहसील दफ्तर का निर्माण 66.20 लाख रुपए की लागत से हुआ है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा, संदीप जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आरंग, प्रतीक बैस अध्यक्ष नगर पंचायत चंदखुरी, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, एसडीएम आरंग अभिलाषा पैकरा तथा तहसीलदार मंदिर हसौद विक्रांत सिंह राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## धर्म के नाम पर राजनीति कर रही भाजपा : कमलेश्वर

# अयोध्या के राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में कांग्रेस ने बीजेपी को रामद्रोही बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और एमपी सरकार के पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने कहा, राम मंदिर चढ़ावा चोरी का जो मामला आया है, उसमें बीजेपी ने अब तक कितने की चोरी हुई है या कितने का चढ़ावा आया था, इस बात का कोई भी स्पष्ट जवाब नहीं दिया है। भले ही कुछ लोगों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है, लेकिन कई ऐसे लोग हैं, जिन पर कार्रवाई करने की जरूरत है। आखिर बीजेपी सरकार इन लोगों पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है।

राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में कमलेश्वर पटेल ने बीजेपी पर धर्म के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जिस समय बीजेपी ने भगवान राम की प्रतिमा स्थापित की, उस समय स्थानीय संत महात्माओं ने मुहूर्त नहीं होने की बात कही थी। बावजूद इसके भगवान राम की प्रतिमा स्थापित की गई, जिसका नतीजा आज सामने है। आज राम मंदिर में चढ़ावा चोरी हो गया। उन्होंने बताया कि जिस व्यक्ति पर भगवान की कृपा होती है, वही सत्य धर्म और मर्यादा के मार्ग पर चलता है। जो व्यक्ति छल कपट और चोरी का रास्ता चुनता है, वह केवल कानून ही नहीं, बल्कि धर्म से भी भटक जाता है।

**मामले में कांग्रेस का बड़ा आरोप**

25 नवंबर 2025 को ध्वजारोहण कार्यक्रम में 10 से 12 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा में 113 करोड़ रुपए खर्च किए गए। यह पैसा देश की आम जनता का है। यह पैसा मंदिर निर्माण के लिए गरीबों ने दिया था। किसानों ने दिया था, जितने लोग धर्म और भगवान के प्रति आस्था रखते हैं, देश के सभी दलों के लोगों ने पैसा दिया था, इस तरह से लूटने का काम भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को कतई नहीं करना था।

### बीजेपी-आरएसएस के संरक्षण में चंदा चोरी

अभी जो एसआईटी गठित हुई है उसमें फर्जी रसीद नकद चढ़ावा लेखा-जोखा हेराफेरी के अनेक आरोप सामने आए हैं। श्री पटेल ने कहा, यही नहीं बीजेपी और आरएसएस के संरक्षण में पहले अयोध्या के राम मंदिर में चंदा चोरी हुआ और फिर अभी उत्तराखंड के बद्रीनाथ मंदिर में चंदा चोरी हुआ। मध्यप्रदेश के बगुलामुखी देवी का मंदिर है, वहां पर भी करोड़ों रुपए की चंदा चोरी का मामला सामने आया है। ऐसे पूरे देश में एक रैकेट सा भारतीय जनता पार्टी की सरकार में धर्म के नाम पर लूटने का बना है।

### भाजपा का पलटवार

भाजपा के प्रदेश मंत्री अमित साहू ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा, जो दल हमेशा प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को नकारता रहा, जिसने सुप्रीम कोर्ट में श्रीराम को 'काल्पनिक' बताने का हलफनामा दिया, आज वही कांग्रेस 'कालनेमि' रूप धरकर रामभक्त बनने का ढोंग कर रही है। कांग्रेस



नेताओं के अनर्गल आरोपों पर कड़ा प्रतिकार करते हुए उन्होंने कहा, देश और प्रदेश की जनता कांग्रेस के इस दोहरे चरित्र और राम-विरोधी मानसिकता को अच्छी तरह पहचानती है। श्री साहू ने कांग्रेस के पाखंड पर प्रहार करते हुए कहा, रामायण में जिस प्रकार कालनेमि राक्षस ने भगवान राम के कार्य में बाधा डालने के लिए साधु का वेश धरकर हनुमान जी को गुमराह करने का प्रयास किया था, ठीक उसी तरह आज कांग्रेस के नेता रामभक्ति का चोला ओढ़कर देश की जनता को भ्रमित करने का निष्फल प्रयास कर रहे हैं। श्री साहू ने कहा कि भगवान श्री राम मंदिर अयोध्या में हुई घटना की जांच की जा रही है और दोषियों पर लगातार कार्रवाई भी हो रही है।

# तहसील दफ्तर में डंप मतदाता से संबंधित लाखों फार्म धूल खाकर हो रहे खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर तहसील दफ्तर में मतदाता से संबंधित लाखों फार्म धूल खा रहे हैं। तहसील दफ्तर के मुख्य गेट के पास मतदाता फार्म को डंप कर दिया गया है, जिसके कारण इन फार्म पर धूल की मोटी परत जम चुकी है, जिससे वे खराब हो रहे हैं।

नए मतदाता का नाम जोड़ने, संशोधन एवं हटाने संबंधित इन फार्म के कई बंडल तहसील दफ्तर के मुख्य गेट के अंदर बरामदे में डंप किए गए हैं। इन फार्म की छपाई में बड़ी राशि खर्च की गई है, लेकिन जिस तरह से इन फार्म के बंडलों को लावारिस की तरह गेट के बरामदे में रखा गया है, उसके कारण ये अब खराब हो रहे है। इन मतदाता संबंधित फार्म को यहां क्यों डंप किया गया है, इन्हें सुरक्षित क्यों नहीं रखा गया है, इन सवालों के जवाब निर्वाचन शाखा के कर्मचारी भी नहीं दे पा रहे है। हालांकि सूत्रों से पता चला कि पहले इन मतदाता फार्म को जहां रखा गया था, वहां से हटा दिए हैं, लेकिन अब इन्हें कहां रखना है, यह तय नहीं हुआ है।

## खबर संक्षेप

### हाथी की आवाजाही से लोगों में दहशत, जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित करें प्रशासनः आप

**महासमुंद।** महासमुंद क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से जंगली हाथियों की बढ़ती आवाजाही एवं उससे उत्पन्न समस्याओं को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। लगातार हो रही फसलों की बर्बादी, घरों को नुकसान तथा जन-हानि की घटनाओं ने आमजन के जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव संजय यादव ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से मिली जानकारी के अनुसार, हाथियों के झुंड रात के समय खेतों में घुसकर धान एवं अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए आम आदमी पार्टी सरकार से मांग करती है कि प्रभावित क्षेत्रों में वन विभाग की सतत निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। हाथियों की आवाजाही वाले क्षेत्रों में स्थायी समाधान के रूप में सोलर फेंसिंग या अन्य प्रभावी उपाय किए जाए।



### भाजपा महासमुंद शहर मंडल के मंत्री बने पीयूष

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन को और अधिक सशक्त एवं जनसंपर्क आधारित बनाने की दिशा में पार्टी नेतृत्व द्वारा युवा शक्ति भागीदारी को देखते हुए पीयूष अमृत साहू को महासमुंद शहर मंडल मंत्री का दायित्व सौंपा है। नियुक्ति पर पीयूष अमृत साहू ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश संगठन, जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का एवं समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वे संगठन की रीति-नीति एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे।



# गौ तस्करी की आशंका, वाहन सहित दो गौवंश मिलने पर थाने में एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

गोवंश के कथित अवैध परिवहन एवं गौ तस्करी की आशंका को लेकर थाना प्रभारी के नाम लिखित आवेदन सौंपा। आवेदन में मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने तथा कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

आवेदन के अनुसार, 12 जुलाई की सुबह लगभग 4 बजे बसुंलाडीपा, थाना बसना क्षेत्र में वाहन क्रमांक सीजी 09 जेबी 5574 (टाटा ऐस) में दो गौवंशों को संदिग्ध परिस्थितियों में भरकर खड़ा पाया गया। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि गौवंशों को अत्यधिक संख्या एवं अमानवीय तरीके से वाहन में रखा गया था, जिससे उनके साथ क्रूरता होने की आशंका व्यक्त की गई है। मौके पर वाहन चालक के



उपस्थित नहीं होने पर पुलिस को सूचना दी गई और डायल 112 की सहायता से वाहन एवं गौवंशों को थाना बसना लाया गया।

आवेदन में मांग की गई है कि मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच कर यदि गौवंश का अवैध परिवहन, गो तस्करी अथवा अन्य कानूनी उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधि अनुसार एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही संबंधित वाहन को जब्त कर गोवंशों की सुरक्षा, उपचार एवं विधिसम्मत संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। आवेदन नंदकिशन साहू एवं अभिषेक दास, ग्राम अरेकेल, पोस्ट बसुला, तहसील बसना, जिला महासमुंद द्वारा थाना बसना में प्रस्तुत किया गया है। शिकायतकर्ताओं ने जांच में पूर्ण सहयोग देने की बात कहते हुए पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।



## एक दिवसीय शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन

**महासमुंद।** स्थानीय बचपन स्कूल परिसर में एक दिवसीय बचपन स्कूल शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। ब्रिलियंट चेस एकेडमी के तकनीकी सहयोग से आयोजित इस आयोजन में बाल खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। लगातार 5 राउंड्स (चक्रों) तक चले इस प्रतियोगिता का अंतिम चक्र बेहद रोमांचक रहा। अनय जैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इस वर्ष की चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती। वहीं उपविजेता के रूप में वेदांत शर्मा रहे। होनहार खिलाड़ी देशना जैन ने शानदार वापसी की और तृतीय स्थान तथा आदर्श भोई चौथे स्थान पर रहे। टूर्नामेंट में खेल भावना भावना का प्रदर्शन करते हुए पिछले टूर्नामेंट के डिफेंडिंग चैंपियन और वर्तमान में नेशनल लेवल के खिलाड़ी दीपांशु पटले ने अन्य नए उभरते हुए बाल खिलाड़ियों को चैंपियन बनने का अवसर देते हुए 'आर्बिटर' (निर्णायक) की भूमिका निभाई। अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत खेले गए इस टूर्नामेंट के मुख्य निर्णायक के रूप में नेशनल प्लेयर एवं इंटरनेशनल चेस कोच प्रियांशु पटले उपस्थित रहे। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य आतिथ्य में बचपन स्कूल की प्रिंसिपल नेहा लूनिया रहीं। उन्होंने कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं है, बल्कि यह जीवन में सही समय पर सही निर्णय लेने की कला सिखाता है। आभार व्यक्त ब्रिलियंट चेस एकेडमी के डायरेक्टर, कोच व नेशनल चेस आर्बिटर संदीप पटले ने किया।

## मरार पटेल समाज की हुई जिला बैठक अगस्त में होगा जिलाध्यक्ष चुनाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

मरार पटेल समाज की एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक सितली नाला स्थित सामाजिक भवन महासमुंद में रविवार को आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत मां शाकंभरी देवी की पूजा व आरती कर किया गया। बैठक में समाज के समक्ष आय-व्यय की ब्योरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही विभिन्न सामाजिक गतिविधियों और भावी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी अगस्त माह में जिला अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों के लिए चुनाव कराया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छग शासन के शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र नायक और जिला के संरक्षक लोचन राम पटेल उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पवन पटेल ने की। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पटेल, आनंत राम पटेल, महासचिव मालिक राम पटेल, ललित पटेल, प्रहलाद पटेल, दिनेश पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, लोकेश पटेल, गैंदराम पटेल, गोविंदराम पटेल, तुकाराम पटेल, घनश्याम पटेल, दुकालू राम पटेल, सुंदर पटेल, सोहन पटेल, मनहरण पटेल, नवीन पटेल, अमन पटेल, योगेश पटेल, प्रकाश पटेल, परमेश्वर पटेल, बिहारी पटेल, माखन लाल पटेल, नेतराम पटेल आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ललित पटेल ने दी है।

## मिशन शक्तिसैट की नेशनल फाइनलिस्ट छात्रा से विधायक ने की मुलाकात, कहाः बेटी ने बढ़ाया राज्य और देश का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक स्कूल की छात्रा रागनी साहू का चयन प्रतिष्ठित मिशन शक्तिसैट की नेशनल फाइनलिस्ट के रूप में हुआ है। अब वह वैश्विक स्तर पर भारत और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। रविवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने उनसे मुलाकात कर इस गौरवपूर्ण कार्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

विधायक सिन्हा ने कहा कि हमारे क्षेत्र की बेटी ने अपने माता-पिता के साथ राज्य और देश का मान बढ़ाया है। उन्हें बधाई देते हुए कहा कि इसी तरह अपनी प्रतिभा को दुनिया के सामने प्रदर्शित करते हुए आगे भी बड़े वैज्ञानिक अभियानों में शामिल होकर खूब तरक्की करनी है। इस अवसर पर शाला एवं विकास समिति के अध्यक्ष संदीप



दीवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, भाजपा नेता दिनेश रूपरेला, पीयूष साहू उपस्थित रहे।

बता दें कि मिशन शक्तिसैट एक अंतरराष्ट्रीय चंद्र मिशन है। इसमें विश्व के 108 देशों की छात्राएं शामिल हैं। रागनी 22 से 31 अगस्त तक ग्रेटर नोएडा के गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली 8 दिवसीय नेशनल वर्कशॉप में भाग लेंगी। इस मिशन में प्रतिभागी छात्राएं मिलकर अंतरराष्ट्रीय टीमें बनाएंगी। ये टीमें चंद्रमा के लिए दो विशेष उपग्रह विकसित करेंगी। एक उपग्रह चंद्रमा की कक्षा में स्थापित होगा। दूसरा रोवर चंद्रमा की सतह पर उतरेगा। रोवर वैज्ञानिक प्रयोग करेगा। इन उपग्रहों का प्रक्षेपण 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर होगा। प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इसरो करेगा।



## बरोंडाबाजार के होनहार छात्राओं का सम्मान

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला बरोंडा बाजार के शिक्षकों द्वारा कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय एवं एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा के लिए विशेष कक्षाएं आयोजित की जाती रही है। इस वर्ष भी उक्त परीक्षाओं के लिए शिक्षकों द्वारा तैयारी कराई गई थी। जिसमें विद्यालय की होनहार छात्रा खुशी ध्रुव और तृषा ध्रुव का एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग में कक्षा छठवीं के लिए चयन हुआ है। छात्राओं की इस उपलब्धि पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकेश चक्रधारी ने हर्ष जताया है। उपाध्यक्ष रेणु निराला ने बच्चों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर अभिनंदन करते हुए आशीर्वचन दिया कि निरंतर आगे बढ़ते हुए परिवार व गांव का नाम रोशना करते रहो। संस्था के शिक्षकों द्वारा सादा समारोह में चयनित छात्राओं को विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों के माता पिता, शाला परिवार से प्रधान पाठक निर्मला पटेल, स्वाति शर्मा, कुसुम चंद्राकर, सीमा साहू, केशरी चंद्राकर, रामेश्वरी साहू, घनश्याम जांगड़े उपस्थित रहे।

### पाणिग्राही ने गनियारी पहुंचकर पद्मविभूषण डॉ तीजन बाई को दी श्रद्धांजलि

**बागबाहरा।** दिवंगत पद्म विभूषण डॉ. तीजन बाई को श्रद्धांजलि देने सामाजिक एवं पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही गनियारी पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना प्रदान किया। वातावरण अत्यंत ही भावुक हो उठा। परिवारजनों के बीच कुछ संस्मरण सुनाए। स्मृति में तीजन बाई के आराध्य बृंदावन बिहारीलाल की फोटो तथा शमी पौधा भेंट किया तथा शासन से मांग की कि पंडवानी को गनियारी से लेकर विश्व पटल पर पहुंचाकर भारत का गौरव बढ़ाने वाली डॉ तीजन बाई की स्मृति में जगह-जगह तीजन स्मृति स्तंभ बने, प्रतिमा लगे एवं राज्य पुरस्कार स्थापित किया जाए, पंडवानी कला एवं शोध केंद्र स्थापित हों। संस्मरण सुनाते हुए डॉ पाणिग्राही ने कहा कि 18 दिसंबर 2024 को जब गंभीर रूप से बीमार थीं, अचेतावस्था में थीं, तब उन्हें देखने मैं गनियारी आया था तथा बृंदावन बिहारीलाल की फोटो उनको अचेत अवस्था में भेंट करते हुए बृंदावन बिहारीलाल का जयकारा लगाया तो तीजन बाई भी बोल उठी जय, इसे देखकर परिवार जन प्रसन्न हुए और उन्होंने कहा कि भगवान बृंदावन बिहारीलाल उनके आराध्य है। इस अवसर पर स्व तीजन बाई के परिवारजन केवल देशमुख (तबला वादक), दिलहरण मंझला सुपुत्र, रमा बाई देशमुख (छोटी बहन), अनिता (बड़ी बहू), वेणु देशमुख (छोटी बहू), सावित्री छोटी बहू, जीवनलाल, शुभम, सौरभ, सिद्धार्थ, महेश (नातीगण) एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे। सबने दुखित हृदय से तीजन बाई को स्मरण किया।



## बोर्ड अध्यक्ष का किया स्वागत-सम्मान

**नर्रा।** छत्तीसगढ़ राज्य शाकंभरी बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र नायक का जिला मुख्यलय सामाजिक भवन में आठ राज के अंतर्गत आने वाले राज अध्यक्षों एवं जिला पदाधिकारियों ने फूल मालाओं एवं स्मृति चिन्ह शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाज के कल्याण और विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। अपने नागरिक अभिनंदन और सम्मान से अभिभूत होकर शाकंभरी बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र नायक ने समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरे मरार समाज के हर एक मेहनती और कर्मठ व्यक्ति का सम्मान है। छग प्रदेश के मुख्यमंत्री साय सरकार ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका उपयोग मैं समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण, कृषि क्षेत्र में नवाचार लाने और हमारे सब्जी उत्पादक किसानों को मजबूत बनाने के लिए काम करूँगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष पवन पटेल, लोचन पटेल, रमेश पटेल, अनंतराम, मालिकराम, ललित पटेल, पुरुषोतम पटेल, दिनेश पटेल, तुकाराम पटेल, गेंदराम पटेल, घनश्याम सोहन पटेल, नवीन पटेल, परमेश्वर पटेल, तामेश्वर पहलाद पटेल, गोविंदराम पटेल, लोकेश पटेल, मनहरण पटेल, रूपलाल पटेल, बिहारी पटेल, योगेश्वर पटेल, प्रकाश पटेल, माखनलाल पटेल समेत समाज लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने लिया संगठन को मजबूत करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के महासमुंद आगमन पर तुमगांव में एक भव्य और ऐतिहासिक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में कांग्रेस जन, पदाधिकारी और स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस विशेष और उत्साहपूर्ण अवसर पर प्रदेश के कई वरिष्ठ नेता भी चरणदास महंत के साथ उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से

ताम्रध्वज साहू (पूर्व गृहमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन), अमरजीत चावला (पूर्व प्रदेश प्रभारी महामंत्री), डॉ रश्मि चंद्राकर (पूर्व जिलाध्यक्ष), विनोद सेवनलाल चंद्राकर (पूर्व विधायक), डॉ विनय जायसवाल (पूर्व विधायक), दिनेश यदु सहित महासमुंद विधानसभा के अनेक वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारीगण एवं सैकड़ों समर्पित कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं ने स्थानीय कर्मठ कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। इस दौरान आगामी राजनीतिक चुनौतियों और संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत और रणनीतिक चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं के अभूतपूर्व स्नेह और ऊर्जा को देखकर नेताओं ने उनका आभार व्यक्त किया। स्वागत के दौरान उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने एकजुटता और निष्ठा के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि आज हम सब मिलकर जन-जन की आवाज बनने, जनता के हक और सरोकारों की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ने और संगठन को हर स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लेते हैं। कार्यकर्ताओं का यही स्नेह और अटूट विश्वास हमें सदैव जनसेवा के मार्ग पर बिना थके आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। स्वागत समारोह में महासमुंद जिले के कोने-कोने से आए कांग्रेस साथियों ने गाजे-बाजे और फूल-मालाओं के साथ अपने प्रिय नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया, जिससे पूरे क्षेत्र का माहौल पूरी तरह से कांग्रेसमय नजर आया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, जिला कोषाध्यक्ष सेवनलाल चंद्राकर, मनोजकांत साहू दाऊलाल चंद्राकर, संजय शर्मा, शहर महामंत्री निर्मल जैन, तुलसी साहू, खिलावन साहू, अन्नू चंद्राकर, निखिलकांत साहू, अमर चंद्राकर, हीरा बंजारे, नितेंद्र बैनर्जी, अमन चंद्राकर, सोनम रामटेके, पार्षद जय देवांगन, पार्षद सूरज नायक, राशि महिलांग, दिलीप जैन, मानिकराम साहू, हर्ष शर्मा, ममता चंद्राकर, गौतम सिन्हा, महेंद्र साहू, कपिल साहू, अंकित बागबाहरा, तोषण कन्नौजे, शहबाज राजवानी, अक्षय साकरकर, आकाश निषाद, लोकेश मांझी, कुणाल चंद्राकर, विजय बांधे, बबलू हरपाल, संतोष धीवर, हितेश साहू, युवराज साहू, मंसूर खान सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मुक्तांजलि की आड़ में प्रायवेट एंबुलेंस

**रायपुर।** शासकीय शव वाहन मुक्तांजलि योजना के नाम पर कुछ प्रायवेट एंबुलेंस मरीज ढोने का काम कर रहे हैं। हाल ही में शासकीय डीके हास्पिटल से मरीज को घर पहुंचाने वाली एक प्रायवेट एंबुलेंस का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। एंबुलेंस में मुक्तांजलि सेवा डायल 1099 का जिक्र है, मगर यह शव वाहन न होकर प्रायवेट एंबुलेंस है। मुक्तांजलि सेवा शासकीय अस्पताल को इलाज के दौरान मृत्यु होने पर शव को को घर तक पहुंचाने की निशुल्क सेवा प्रदान करती है।

### पोखन सिंह ठाकुर का निधन

**महासमुंद।** शहर के गुडरु पारा वार्ड नंबर 27 निवासी पोखन सिंह ठाकुर (70) का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया है। अंतिम संस्कार रविवार को मुक्तिधाम किया गया। वे वीरेंद्र सिंह ठाकुर और लक्ष्मण सिंह ठाकुर के पिता थे।



# लोधीपारा चौक के पास नाली पर बनाए पाटों पर चला बुलडोजर,1 डंपर कचरा बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम जोन 3 नगर निवेश विभाग की टीम ने शनिवार को पंडरी के लोधीपारा चौक का जायजा लिया, इस दौरान नालियों पर कब्जा कर बनाए गए 5 अवैध पाटों को तोड़कर पोकलेन मशीन से सफाई करवाई। इस दौरान 1 डंपर कचरा नालियों से बाहर निकाला गया। लोधीपारा चौक की बड़ी नाली पर 6 फल ठेले वालों ने अवैध कब्जा कर पक्के पाटे बना लिए थे, इससे नाली की सफाई नहीं हो पा रही थी, सफाई में आ रही बाधा को दूर करने अवैध पाटे तोड़े गए। बड़ी नाली के कब्जा मुक्त होने और इसकी सफाई होने से अवंति बाई चौक और आसपास के इलाकों में बारिश में जलभराव की समस्या का निदान होगा। जोन 3 की टीम ने मोवा ओवरब्रिज के नीचे होंडा शो रूम और अस्पताल प्रबंधन को नाली पर बनाए गए पाटों को स्वतः हटा लेने की कड़ी हिदायत दी।

महापौर मीनल चौबे के निर्देश और जोन कमिश्नर प्रीति सिंह के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता ईश्वरलाल टावरे, सहायक अभियंता नरेश कुमार साहू की टीम ने बड़ी नाली को कब्जा मुक्त कराया। जोन 3 की टीम ने मोवा ओवरब्रिज के नीचे होंडा शो रूम और अस्पताल प्रबंधन को नाली पर बनाए गए पाटों को स्वतः हटा लेने की कड़ी हिदायत दी। महापौर मीनल चौबे के निर्देश और जोन कमिश्नर प्रीति सिंह के मार्गदर्शन में



कार्यपालन अभियंता ईश्वरलाल टावरे, सहायक अभियंता नरेश कुमार साहू की टीम ने बड़ी नाली को कब्जा मुक्त कराया।

इसी तरह नगर निगम जोन 1 की टीम ने 1 वार्ड नंबर 3 के सुख्रामनगर में दो स्थानों पर करीबन 3 एकड़ जमीन में की जा रही अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की। नगर निगम की टीम ने स्थल पर निर्मित अवैध मुरूम रोड को जेसीबी से काटकर तत्काल रोक लगाई। निगम आयुक्त के निर्देश पर जोन 1 नगर निवेश विभाग ने रायपुर तहसीलदार से उक्त भूमि के वास्तविक भूमि स्वामी की जानकारी मांगी है। इसी तरह वार्ड 16 के ब्रम्हदेई पारा में जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा के मार्गदर्शन में जलभराव रोकने अवैध रूप से बनाई गई झोपड़ी को तोड़ा गया।



**खबर संक्षेप**

## गाय के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी पर हुई कार्रवाई



**महासमुंद।** गाय के साथ दुष्कर्म कर रहे एक व्यक्ति को ग्राम खरोरा के तीन लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि खरोरा के वार्ड 8 ग्राम निवासी ईश्वर यादव पिता लक्ष्यीय यादव (24 साल) ने एफआईआर दर्ज कराई है वह 10 जुलाई की रात रिवेंद्र चंद्राकर पिता अशोक चंद्राकर एवं नितेश यादव पिता छन्नू यादव के साथ घूम रहा था, इसी दौरान उसके मित्र महेंद्र यादव द्वारा फोन कर उसे बुलाया। इसके बाद तीनों ने वहां पहुंचकर धनेंद्र बरिहा को गाय के साथ अनाचार करते हुए देखा, जब उन लोगों ने आवाज लगाई तब आरोपी धनेंद्र बरिहा आपत्तिजनक स्थिति में भागने लगा और रोड में गिर गया। इसके बाद सूचना देने के बाद भी 112 वाहन के नहीं पहुंचने पर आरोपी को पकड़कर थाना लाया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 299 बीएनएस एवं पशु क्रूरता निवारण अधि. 1960 की धारा 11(1) क के तहत कार्रवाई की गई।

**स्वागत:** विधायक द्वारिकाधीश यादव की अगुवाई में महंत का आत्मीय स्वागत

# जनहित और संगठन विस्तार पर डा.महंत ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत के आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पिथौरा स्थित अग्रसेन भवन में उनका भव्य, आत्मीय एवं उत्साहपूर्ण स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रदेश के समसामयिक राजनीतिक परिदृश्य, जनहित के मुद्दों तथा कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने को लेकर व्यापक चर्चा हुई।

डॉ.महंत ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि कांग्रेस की ताकत उसकी जनसेवा, संगठन और कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहकर उनकी आवाज को मजबूती से उठाने का आह्वान किया। डॉ. चरण दास महंत का अनुभवी नेतृत्व, स्पष्ट राजनीतिक दृष्टिकोण और प्रेरणादायी मार्गदर्शन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए सदैव ऊर्जा और संबल का स्रोत रहा है। उनके संबोधन से उपस्थित कार्यकर्ताओं में नए उत्साह, आत्मविश्वास और संघर्ष के संकल्प का संचार हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व विधायक विनय जायसवाल, विनोद चंद्राकर, देवेंद्र बहादुर, डॉ. रश्मि चंद्राकर, महेंद्र चंद्राकर, केशव चंद्राकर तथा दाऊलाल चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि कांग्रेस संगठन की एकजुटता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से समन्वय और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के विश्वास और जनसमर्थन के बल पर आगामी चुनाव में जिले की चारों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस का परचम लहराने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनहित, किसानों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों के मुद्दों को मजबूती से उठाती रही है और आगे भी जनता की आवाज बनकर संघर्ष करती रहेगी।

इस अवसर पर मुकेश यादव, करण दीवान, कुलवंत खनूजा, अरविंदर छाबड़ा, खल्लारी विधानसभा के प्रमुख ब्लॉक अध्यक्ष देवनाथ साहू, खेमराज सिन्हा, लखबीर छाबड़ा, बागबाहरा नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष ताम्रध्वज बघेल, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष फिरोज मेमन, जिला कांग्रेस महामंत्री शमीम ख़ान, भूपेंद्र ठाकुर, मनोज कांत साहू, अमर चंद्राकर, हरिशंकर यादव, नवनीत सलूजा, मानता राम यादव, पोखराज साहू, कोमल महानंद, चंदूलाल साहू, वसीम ख़ान, शहजान पाशा, संतोष पटेल, हरिराम यादव, दुर्गा सागर, मयंक शर्मा, मुकुंद सिंह, राजेश सिंह, राहुल कुलदीप, लोकेश दीवान, बुधेश्वर डड़सेना, अन्त वर्मा, राजू सिन्हा, आशु अग्रवाल, कौशल रोहिल्ला, कनक तिवारी, काशीराम शर्मा, पूनम मानिकपुरी, किशोर सोनवानी, ओमप्रकाश चक्रधारी, केशव साहू, शैलेंद्र सिन्हा, आकाश महंती, घनश्याम धांधी, युगल यादव, चीनी पटेल, लोकनाथ नायक, दुलार यादव, गौतम साहू, मनीष अग्रवाल, दिनेश खालसा, सियाम सेन, दुष्यंत यादव, अनीश गाड़िया, राजा कोसरिया, हरधन साहू, मंगलूराम, बीसी सुदर्शन, मुन्ना, रमेश प्रधान, जगदीश साहू, प्रफुल राजपूत, गंगाधर बारिहा, चंपत यादव, सुनील सिन्हा, गौरव प्रधान राजकुमार बरिहा, सुरेश ठाकुर, रंजन टांडी, रामकुमार साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने विधायक द्वारिकाधीश यादव के निवास पर

# विधायक ने विभिन्न वार्डों में नवीन राशन दुकानों का किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रविवार को शहर के अलग-अलग 7 वार्डों में आम नागरिकों को खाद्यान्न वितरण की बेहतर एवं सुगम व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने नवीन उचित मूल्य (राशन) दुकानों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने फीता काटकर राशन दुकानों का शुभारंभ किया तथा संबंधित समिति एवं कर्मचारियों को पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से हितग्राहियों को राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर विधायक सिन्हा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राशन दुकानों के संचालन से स्थानीय नागरिकों को अपने ही वार्ड में आसानी से आवश्यक खाद्यान्न उपलब्ध होगा, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। विधायक ने उपस्थित नागरिकों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया तथा संबंधित अधिकारियों से राशन वितरण व्यवस्था को पारदर्शी, नियमित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वरिष्ठ नेतागण संदीप दीवान, पवन पटेल, एम आर विश्वनाथन, संदीप घोष, गोविंद ठाकुर, अनुज पांडेय, कल्पना सूर्यवंशी, शुभ्रा शर्मा, दिनेश रूपरेला सहित वार्ड के पार्षदगण तथा वार्डवासी उपस्थित रहे।

## छग पेंशनधारी कल्याण संघ ने मनाई संस्थापक की पुण्यतिथि

**बसना।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ बसना की मासिक बैठक को भगवान प्रसाद सेठ की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान संघ के संस्थापक स्व.जगत सिंह बैस की पुण्यतिथि मनाई। सरस्वती पूजा के पश्चात स्व वैस के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी पेंशनरों ने पुष्पांजलि अर्पित किया। वैष्णव पात्र द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। पश्चात बैठक प्रारंभ किया गया। बैठक में नए सदस्य रामधन सिदार, रोहित कुमार पटेल एवं शंकरलाल बरिहा को अंग वस्त्र एवं श्रीफल से स्वागत कर संघ में शामिल किया गया। बालेश्वर प्रधान, जीएस तोमर, रमेश शर्मा, नीलांबर वांक, गौतम सतपथी, मंत्रीलाल को सारिया, पीएल साहू, भास्कर पाणिग्रही, यदुमणि सामल, संपत भोई का जन्मदिन मनाया गया। 80 वर्ष पूर्ण करने पर नीलांबर वांक



का स्वागत किया गया। आयकर गणना पत्रक के वारे में बताया गया। बैठक में 80 पेंशनर उपस्थित रहे। अंत में बैस को दो मिनट मौन श्रद्धांजलि दी गई। बैठक का संचालन प्रांतीय प्रचार सचिव आरवी प्रधान ने किया।

## नपा की चल एवं अचल संपत्तियों का भौतिक सत्यापन करने के लिए किया जाएगा स्थल निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पालिका द्वारा परिषद की समस्त चल एवं अचल संपत्तियों का भौतिक सत्यापन एवं अभिलेखों के अद्यतन के प्रस्तावित विशेष अभियान के तहत नगर पालिका की सभी परिसंपत्तियों का स्थल निरीक्षण कर उनकी वास्तविक स्थिति का मिलान अभिलेखों से किए जाने की तैयारी है।

अभियान में नगर पालिका की भूमि, भवन, दुकानें, कार्यालय, जल संरचनाएं, सामुदायिक भवन, शेड, सार्वजनिक उपयोग की संपत्तियाँ तथा अन्य सभी परिसंपत्तियों का विस्तृत भौतिक सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कई बार समय के साथ संपत्तियों की स्थिति में परिवर्तन हो जाता है, कुछ अभिलेख पुराने हो जाते हैं या उनमें सुधार की आवश्यकता होती है। ऐसे में यह अभियान नगर पालिका की संपत्तियों का सही, सटीक और अद्यतन रिकॉर्ड तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सीएमओ सौरभ शर्मा ने बताया कि सत्यापन के दौरान प्रत्येक संपत्ति की स्थिति, उपयोग, क्षेत्रफल, स्वामित्व, वर्तमान कब्जा, मरम्मत की आवश्यकता तथा उपलब्ध दस्तावेजों की जांच की जाएगी। इसके बाद संबंधित अभिलेखों को अद्यतन कर वास्तविक स्थिति के अनुरूप व्यवस्थित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य में राजस्व, निर्माण, लेखा एवं संबंधित शाखा के अधिकारियों- कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई है, ताकि कार्य समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा हो सके। उन्होंने आगे कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नगर पालिका की संपत्तियों का सुव्यवस्थित प्रबंधन, अनावश्यक त्रुटियों का सुधार, परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा उनके प्रभावी और जनहितकारी उपयोग को सुनिश्चित करना है। उन्होंने ने बताया कि भौतिक सत्यापन से यह भी स्पष्ट होगा कि कौन-सी संपत्ति उपयोग में है, कौन-सी मरम्मत योग्य है और किन परिसंपत्तियों पर विशेष निगरानी की आवश्यकता है।

# नांदगांव में किया गया विहिप व बजरंग दल का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की बैठक नांदगांव के दुर्गा मंदिर में रखी गई थी। बैठक का प्रारंभ ब्रम्हनाद, विजय महामंत्र से किया गया। बैठक में जिला सत्संग प्रमुख रूप चंदन नेताम एवं ग्रामीण प्रखंड उपाध्यक्ष उदेराम साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बैठक में विश्व हिंदू की परिषद के सामाजिक एवं वार्षिक कार्यपद्धति के बारे में बताया गया।

बैठक के अंत में उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से विश्व



हिंदू परिषद बजरंग दल के ग्राम समिति का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष राहुल पटेल, उपाध्यक्ष यशवंत पटेल एवं डोमन निषाद, मंत्री देवेंद्र पटेल, बजरंग दल के संयोजक मलेश्वर पटेल, सहसंयोजक जितेंद्र धीवर, गौ रक्षा प्रमुख दिगेंद्र साहू को नियुक्त किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने ओम के उच्चारण कर सहमति प्रदान किया। बैठक में प्रमुख रूप से मुकेश पटेल, वीरेंद्र पटेल, वेद प्रकाश पटेल, पितेश धीवर, ओमप्रकाश धीवर, रोहित यादव, हिमांशु पटेल, रोशन पटेल, कुंदन पटेल, सोहन पटेल, दीप योगी, पीतांबर पटेल, संजू पटेल, चेतन पटेल, दुर्गेश पटेल, गोवर्धन पटेल, झंकार यादव, साहिल पटेल, टीकम पटेल, युवराज निषाद, लकेश्वर पटेल, देवेंद्र पटेल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**धान रोपाई कार्य...**

**अरंड (पिथौरा)।** बारिश के बाद कृषि कार्य में तेजी आई है। खेतों धान रोपाई कार्य में जारी है। ग्राम नयापाराकला के किसान राजकुमार पटेल के खेत में मजदूर लक्ष्मीबाई, अनीता बाई, मीराबाई, सुकून बाई, अनुसया बाई, रतनी बाई, गीताबाई, दुर्गाबाई आदि रोपाई कार्य में जुटे हुए हैं।



## बृजराज स्कूल में हुआ पौधरोपण



**महासमुंद।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ पीएमश्री शासकीय बृजराज प्राथमिक शाला में शनिवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक, शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संतुलन तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय परिवार ने संदेश दिया कि प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ।




